THE MINISTER OF STATE IN THE INISTRY OF HOME AFFAIRS AND IN THE DEPARTMENT OF PERSONNEL (SHRI RAM NIWAS MIRDHA) : (a) and (b). The number of chances a candidate can avail of for the competitive examination the IAS/IPS for and other Central Services has been increased from two to three for the 1973 examination.

**National Policy on Wage, Income and Profit**

3388. SHRI ANADI CHARAN DAS :
SHRI BHAGIRATH BHANVAR :

Will the Minister of PLANNING be pleased to state :

(a) whether Government propose to formulate a national policy on wage, income and profit for stable economic development in the country ; and

(b) if so, its main features ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING (SHRI MOHAN DHARIA) : (a) and (b). The document "Approach to the Fifth Plan" has underlined the need and importance of a consistent and integrated national policy on wages, incomes and prices subserving growth with stability and social justice. Some broad outlines of this policy have also been given in the document. The matter is under the consideration of the Government. No decision however, has been taken so far.

**अगरतला में मिजो विद्रोहियों की गिरफ्तारी**

3389. श्री चन्दूलाल चंद्राकार :
श्री विश्वनाथ झुनझुनवाला :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मिजोरम पुलिस ने अगरतला में 13 मिजो विद्रोहियों को गिरफ्तार किया है;

(ख) क्या इन विद्रोहियों के पास से कुछ ऐसे हथियार मिले हैं; जिन पर संयुक्त राज्य अमरीका की मार्किंग थी; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले के तथ्य क्या हैं?

गृह मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एफ० एच० मोहसिन): (क) से (ग). तथ्य मालूम किये जा रहे हैं।

12.00 hrs.

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### Reported Blackmarketing in Fertilisers by Fertiliser Corporation of India

SHRI ACHAL SINGH : (Agra): I call the attention of the Minister of Petroleum and Chemicals to the following matter of urgent public importance and request that he may make a statement thereon :

'The reported blackmarketing of fertilisers by Fertilizer Corporation of India and recovery of Rs. 8000/—black money per wagon of fertilizers from dealers of Andhra Pradesh.'

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI D. K. BOROOAH): I have been in formed by the Fertilizer Corporation of India Limited that a large number of dealers in Andhra Pradesh and Mysore had defaulted in making payments to the Corporation for the fertilizers supplied to them. Since the amounts were outstanding for a long time, Director (Production and Marketing ) of the Corporation asked the officers concerned to explore possible ways of recovering these outstandings. In this connection, it seems that a procedure was envolved in the 2nd week of October 1972, according to which the Corporation could issue ammonium sulphate or ammonium sulphate

[Shri D. K. Borooah]

nitrate from the Sindri Fertilizer Factory to a defaulting dealer, provided he liquidated simultaneously his outstandings or a part thereof at the rate of Rs. 4,000 per wagon for ammonium sulphate and Rs, 1,500 or 1,200 per wagon for ammonium sulphate nitrate supplied to Andhra pradesh and Mysore respectively. However, in cases where a defaulting dealer was no longer in the fertilizer business or was not in a position to liquidate the outstandings, an alternative procedure seems to have been also evolved. According to this alternative, supplies could be made to any other dealer who offered to liquidate such outstandings of a defaulting dealer. In such cases, both the defaulting dealer and the dealer receiving supplies under this arrangement would have to convey their consent in writing.

Even while this procedure was being examined from legal and financial angles realisations of the outstandings seems to have been begun and a sum of about Rs. 13 laikhs was thus realised. This amount is being held in the suspense account. The nature of such transactions came to the notice of the management in December 1972 and enquiries were initiated on the basis of which directions were also issued to the officers concerned to stop such transactions forthwith. Thereafter, the management decided to refer the matter to the Central Bureau of Investigation for full investigations on the 24th of February, 1973 and the matter is now under investigation by the Bureau, Pending enquiry by the C. B. I., Director (Production and Marketing) and General Manager, Trombay have been asked to proceed on leave initially for a period of two months. This they have done. Similarly the Marketing Manager, Trombay has also proceeded on leave. The Central Bureau of Investigation has been asked to indicate whether, for purposes of facilitating the enquiry, some other officers concerned with these transactions should also be asked to proceed on leave.

Further action will be taken on receipt of the report of the Central Bureau of Investigation.

SHRI ACHAL SINGH : Mr. Speaker, I do not agree with the reply. It is a bogus one. I wish to State that Fertilizer Dealerships were given throughout India on personal commission basis to conspicuous parties and consequently Rs. 1.75 crore went in *BAD DEBT*. They could not recover the amount as a heavy share in black marketing was being taken by directors. Dealers refused to pay arrears as they were already over taxed by Directors. Hence the 'Trio' of Director decided to increase the rate of black marketing so as to also cover bad debt from a portion of earned black money. For this can brand of fertilizers were supplied to such banned states where black marketing margin was high. Despatch of ammonium Sulphate and Ammonium Sulphate nitrate Fertilizers was banned from Bihar to South under Essential Commodites Act. Violating this, fertilizers were supplied to dealers in Andhra, Mysore and Orrisa charging 8 thousand black money on each wagon of fertilizers. Black marketing rate were prevailing at a margin of extra 12 thousand.

Same game was played in supply of Urea and CAN fertilizers and black marketing was done in U.P. Assam, Bengal, Bihar, M. P., Punjab, Haryana, Tamilnadu, Rajasthan, etc.

Half the amount Rs. 4 thousand of black money of 8 thousand was directed to be adjusted against Bad Debt to Rs. 1·75 crores. It went on silently and within months bad debts to tune of Rs. 1.75 crores were brought down to Rs. 35 lakhs. In other Units, Finance Managers did not object to it and cooperated with Directors.

However, Trombay Unit Finance Manager (Shri U. R. Padmanabhan) refused to adjust black money against bad debts and consequently a suspense account of Rs. 20

lakhs accumulated in Trombay. In the meantime Director-Marketing, and General Manager Trombay were pressurising Finance Manager Trombay to do bungling with suspense account, Government received the complaints of black marketing and CBI caught some documents. However, Managing Director, Marketing Director and Finance Director succeeded in destroying vital documents showing their connivance and are trying to shift the burden on officers of Marketing Department

If Government would have conducted an All India wide raid on all Marketing Offices, of FCI the entire documents would have been caught However, Managing Director has escaped from proceeding on leave, now he is convening meetings of Marketing officers along with Documents, and entire evidences are being destroyed

Finance Director *vide* his order dated 25-2-1973 has removed Shri Padmanabhan, Finance Manager, Trombay from charge of finances of Trombay Marketing.

Managing Director has entered into contracts worth crores with third rate foreign companies like Montecatini Edison (ignoring World famous companies like Toyo, CCA etc.) and has collected crores of rupees in foreign banks. This is the reason FCI projects Durgapur, Barauni, Cochin etc. are not being commissioned after lapse of 5 years.

Since they have done bungling in every field they wish to set their collaborators on key posts to hide their deeds for ever This is the reason they are not posting Government approved General Managers. However, rejected corrupt officers are continuing General Managers. Since Managing Director has done bunglings worth crores in Planning and Development Division, the Project Division of FCI, he wants to make his Collaborator its General Manager though this fellow has been rejected no fewer than 3 times by Empanelment Board. For saving their skin, they always given threat of 'Enbloc resignation' and unfortunately Government has yielded before them. The Board of Directors is full of their puppets and they are destroying the entire Corporation.

The All India Officers Federation of Fertilizer Corporation has been constantly trying to save the Corporation from total destruction. But Managing Director, instead of recognizing it, is trying his best to sabotage it and turn out its office bearers.

There is nothing like Personnel Policy in FCI. Collaborators are promoted even within 6 months while honest officers are hanging in the grade from 5 to 8 years. Recruitment and Promotion Rules are violated every day and puppets are being brought on high positions in already overstaffed FCI.

There is every sort of bungling in Finances, Marketing expenses, during black marketing year, worth Rs 5 crores have been offered for adjustment during coming years to show profit in balance sheets Revenue expenditures worth lakhs are being capitalised, While FCI Directors officially consume wine worth Rs 2 lakhs every year. Government must take responsibility for fertilizer famine and doing and promoting black marketing. FCI Managing Director, Marketing Director and Finance Director, and General Manager P & D must be prosecuted under Defence of India Rules and immediately arrested

If Minister sincerely wishes to reconstruct FCI, the 'Trio' of Directors including Acting Rejected General Manager of P & D Division will have to be relieved of their Portfolios immediately and all bunglings in matters of posting and promotions will have to be set right

FCI needs an emergent drastic overhaul ignoring external pressures.

SHRI D. K. BOROOAH: The hon. member has raised a very important point. The price of a wagon of sulphate of ammonia is Rs. 11,000. On that, they charged a premium of Rs. 4,000. that is to say,

[Shri [D. K. Borooah]

the cultivator would have to pay instead of Rs. 11,000, Rs. 15,000 Similarly for nitrate also, the price of which is about Rs 13,000 per wagon, they were charged Rs 1500 for Andhra and Rs. 1200 for Mysore All this money would have to come from the pocket of the cultivator It is a very wrong thing to do

AN HON MEMBER Without receipt.

SHRI D K BOROOAH Whatever it is It is a very wrong thing to do

SHRI P VENKATASUBBIAH (Nandyal) In order to cover up their old acts of commission and omission

SHRI D K BOROOAH I know All this will form part of the inquiry to be held by the C B I

There are other matters also raised by the hon member today and by another hon member yesterday They are being looked into, not related to this case but to other complaints, they are being looked into by a departmental inquiry which is being held and I hope before long we will be able to come to some decision

SHRI R. S PANDEY (Ranandgaon) It is a very serious matter

MR. SPEAKER . Order, order I do not allow it. The Minister may ignore it

SHRI D. K BOROOAH The matter has gone to the CBI and they have been asked to submit a report

*(Interruptions)*

SHRI D K. BOROOAH : I have already taken firm measures in this matter, and I propose to take the firmest measures.

अध्यक्ष महोदय : यह वही स्टेटमेंट है जो सेठ साहब ने पढ़ा था यह आप का अलग है ?

श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव (मधेपुरा) मेरा स्टेटमेंट अलग है ।

SHRI P VENKATASUBBAIAH : Sir, since we have no occasion to participate in this, I would only request you to permit us to have a discussion on this matter, because there are many, many people highly placed officers, who are involved and to cover up their sets of commission and omission they have encouraged unscrupulous people I want a discussion to be allowed on the floor of this House, so that many facts could be brought to the notice of the House

MR SPEAKER You cannot intervene because only those members whose names are on the list are called upon to speak If you want a discussion, you may write to me and I will consider *(Interruption)* I am told that the Demands of the Ministry are already coming Now, Shri R P Yadav

SHRI R P YADAV Firstly, I will deal with the doings and promoting of blackmarketing in the Fertiliser Corporation of India during 1971-1973 by the managing director, the marketing director and the finance director These three directors came to power in September, 1970 by a manipulation and since then, they had been making money in projects, contracts and fertiliser marketing On the 18th February, 1973 the C.B I. raided their houses and offices and caught the documents revealing blackmarketing fertilisers on an all-India level.

MR. SPEAKER : Mr. Yadav, I will not allow you to read That was only an exception made.

SHRI R P. YADAV : The Minister of Petroleum and Chemicals, Shri D. K. Barooah, who is a good man, of course—

AN HON. MEMBER : So far.

SHRI R. P. YADAV: —took a bold step and ordered an enquiry, against this

persons. He had asked the managing director to proceed on forced leave, (*interruption* but he has managed to stay in office I would request the hon Member that he should again ask the gentleman to go on forced leave

SHRI D K BAROOAH *rose*—

MR SPEAKER Please do not interrupt Let him finish

SHRI R P YADAV: The managing director entered into contracts worth crores of rupees with third rate foreign companies ignoring the world-famous companies like Toy and CCA, etc of Japan The Government must take proper and strong action against the deliberate fertiliser famine and against the doings and promoting of black-marketing The FCI managing director, the marketing director and the finance director must be prosecuted under the Defence of India Rules and immediately arrested If the Minister wishes to reconstruct the FCI, the trio of these directors including the acting, rejected General Manager of the P&D Division will have to be relieved of their duties forthwith

Sir, this trio is a big bungler and trying to save their skin by asking the help of reactionaries like Baburao Patel who, in his *Mother India*, continuously from December to February issues, has rebuked the P M and supported these corrupt trio by saying—I would just quote a few lines

In one of these issues, amongst several other things, this Baburao Patel says

> "Several top officials of the Fertiliser Corporation have submitted their resignations They do not like to work for the Government that does not trust them and that raids their homes on groundless suspicion and asks the CBI to investigate their credentials. Most of these persons are highly qualified, technical men, with doctrates of foreign universities. They Have jobs waiting for them in America."

This is important. It is said that they have got jobs waiting for them in America.

> "But they have been working in India a a considerable personal sacrifice so that their motherland may get the benefit of their special knowledge and experience "

In January issue he says,

> "No one wants to serve under the present widow's Government No one feels secure No one is happy No one is respected From one end to the other it is all politics and nepotism"

MR SPEAKER: Under the rules, you cannot read from a paper

SHRI R. P YADAV I would appeal to the Government to take immediate steps against this reactionary paper It should be banned.

What is the account of Suspense Account of Rs 13 lakhs lying down at Trombay credit ? Is it not black money ? If so, who is responsible for it and why the Managing Director, Finance Director and Marketing Director are not being arrested under the Defence of India Rules for doing and promoting blackmarketing of fertiliser at all-India level ?

May I know whether Rs 4000 to 8000 extra money was taken from dealers of Andhra, Mysore and Orissa etc, on each wagon of fertilizer ? May I know whether this promoted heavy blackmarketing making a wagon of fertilisers originally costing Rs. 12000 to be sold for Rs 24000, and whether this created fertiliser famine in some States also ? Why is the Managing Director of FCI not being suspended ?

MR SPEAKER: You have seen others speaking on calling attention notices every day. Do they do like this ? Why don't you come prepared ? Why should you read the papers ? Don't make it a practice I am sorry. (*Interruptions*).

SHRI R. P. YADAV : May I know whether this Marketing Director was also charged by former Chairman and Managing Director of F C I for bungling in sale of Methonal and other fishy deals ? If so what action has been taken against them ?

May I know whether black-marketing of fertilisers has been going on since 1971 in spite of repeated warnings from MPs ? If so, what action Government is taking in the regard ?

SHRI D K. BOROOAH : The hon. Member told the House that the amount collected in the suspense account is Rs. 20 lakhs. It is only Rs. 13 lakhs, to be precis Rs. 12 86 lakhs. So far as blackmarketing is concerned, the price of fertilizer, sulphate of ammonia and nitrate, has gone up. This is the subject-matter of CBI investigation. So, I would not like to prejudice the investigation by giving my views at this moment. Certainly, we will ask the CBI to expedite the investigation as much as possible In this particular case, it was done with the knowledge of the Marketing Director and not the Managing Director. The General Manager also knew about it. Because they are in the know of it they were asked to go on leave to facilitate the investigation .

SHRI BHAGWAT JHA AZAD (Bhagalpur): Is the CBI inquiry a judicial inquiry to make it *sub judice* ?

SHRI D.K. BOROOAH I do not like to prejudice or influence the inquiry. Let the CBI make their own inquiry. On the receipt of their report we will take all the necessary measures. There is no complaint against the Managing Director. In fact, it was the Managing Director and Chairman who requested the CBI to take charge of this case.

श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान (किशनगंज) : सदर मोहतरम, आप की इजाजत से मैंने जो कुछ डेटा कलैक्ट किया है उस को माननीय मंत्री जी को दूंगा, लेकिन अपनी चन्द बातें कहने के बाद ।

कल मेरे और श्री यादव के सवालों के जो जवाब दिये गये उन को सुन कर एक हद तक इत्मीनान हुआ कि हमारे मोहतरम वजीर साहब ने एक अच्छा कदम उठाया है । लेकिन साथ-साथ जो आज का कालिंग अटेंशन मोशन है वह भी बड़ा इम्पार्टेंट है, इस माने मे कि अगर रुपया ले कर, और या 2 रुपये ले कर नहीं, 8-8 हजार रुपये ले कर किसी डीलर को वैगन दिया जाये तो इस का काफी खराब असर होता है । अध्यक्ष महोदय, आप खुद गौर करें कि किसानों पर इस का नया बुरा असर और बोझ पड सकता है ।

कल के जवाब मे और आज के जवाब मे मंत्री महोदय ने साफ तौर से कहा है कि 13 लाख रुपया सस्पेंस आकाउंट मे है, जोकि मेरी राय मे कुछ और ज्यादा है—मोहतरम मंत्री जी मुझे करेक्ट करेंगे, अगर मैंने गलत कहा हो—मै समझता हू कि इस से कुछ ज्यादा ही रकम निकलेगी । मै पूछना चाहता हू कि क्या यह कम बडा जुर्म है कि 13 लाख रुपये का गोलमाल हुआ ।

दूसरी बात यह कि यूरिया के साथ यही हुआ, जिस को भारत सरकार ने बिहार से बाहर जाना बैन किया हुआ है, एसेन्शल कमोडिटी ऐक्ट के अन्दर, लेकिन सारे कानून को तोड कर उस को आंध्र, उडीसा और मैसूर मे भेजा गया है । मै मंत्री जी से पूछना चाहता हू कि इस कानून को तोडने की क्या वजह थी ? साफ यह वजह नजर आ रही है कि रुपये ले कर कानून की हत्या की गई, कानून को तोड़ा गया ।

तीसरी बात मैं यह अर्ज करना चाहता हू कि मेरे लायक दोस्त ने ट्रायो कहा है । मैं ट्रायो के खिताब को देने के मूड मे नही हूं । मैं श्री अस्कोटियर्स का खिताब देने के मूड में हूं । आप जरा मुलाहजा फरमायें,

एक को चोरी उस पर सीनाजोरी। बाबूराव पटेल को दोस्त बनाया गया। उन से गन्दी गन्दी बातों को निकलवाया गया, और अब धमकी देते हैं कि अमरीका चले जायेंगे। हम उन को अमरीका तो जाने देंगे, लेकिन कानून की जंजीर पहना कर।

आप ने अखबारों में देखा होगा कि सी आई ए का बड़ा जोर आज कल भारत में चल रहा है। क्या हम का यह नतीजा नहीं निकाला जा सकता कि इसी किस्म के लोग जो ब्यूरोक्रेटिक हायरार्की के अन्दर हैं, सी आई ए के एजेंट है? मुल्क के गद्दार है? देशद्रोही है? जब उन के ऊपर 13 लाख रुपये बतलाया गया है तब क्यों न उन को डी आई आर के अन्दर अरेस्ट किया जाय और सस्पेंड किया जाये? इसके अलावा हर शख्स को मालूम है कि बिहार के साथ साथ स्पीकर साहब आपके स्टेट जिस को हम लोग गल्ले का भंडार कहते हैं वहां भी यूरिया के मुताल्लिक इसी किस्म का नंगा नाच हुआ है। मिनिस्टर ने जो जवाब दिया है उससे यही पता चलता है कि इसी किस्म का नंगा नाच हुआ है। आपका स्टेट भारत के बहुत से प्रान्तों को खिलाता है उसके साथ भी ऐसा किया जाएगा तो कितने गरीब लोगों की जान जाएगी अगर गल्ला नहीं रहेगा, इसका अंदाजा आप लगा सकते है। इस सब का नतीजा यह हुआ है कि गल्ला इम्पोर्ट करने की नौबत आ गई है और मुल्क को गल्ला इम्पोर्ट करने पर मजबूर होना पड़ गया है। इस वास्ते मेरा पहला सवाल यह है कि मि० चक्रवर्ती, मि० घोष और मि० अग्रवाल इनको तुरन्त सस्पेंड क्यों नहीं किया गया? ये आफिस में मौजूद रहेंगे तो जरूर ही कागजों के साथ टैम्पर करेंगे और कर रहे हैं और सी बी आई के काम में बाधा डाल रहे हैं।

आपने कहा है कि दो महीने के लिए इनको छुट्टी दी गई है। यह मेहरबानी क्यों की गई है? जबकि सामने तेरह लाख का गोलमाल है। उनको सस्पेंड क्यों नहो किया गया और छुट्टी दी गई होती तो तब तक के लिए क्यों नहीं दी गई जब तक कि इनवैस्टीगेशन कम्प्लीट नहो हो जाती? फोर्स्ड लीव कहिये या ससपेंशन कहिये उनको आफिस से बाहर रखें ताकि कागजों का गोलमाल वे न कर सके, टैम्पर न कर सकें, एवीडेंस जो होने जा रहा है उस में किसी प्रकार की बाधा पैदा न होने पाए।

आप इस किस्म की इनक्वायरी चाहे सी बी आई के जरिये करवाएं या हाई कोर्ट के किसी जज की मार्फत लेकिन भारत के सारे प्रान्तों में यह होनी चाहिये और आपको पता लगना चाहिये कि कितना गोलमाल हुआ है, कितना कुरप्शन, कितना नैपोटिज्म और कितनी बदउनवानिया हुई है। इसलिए मैं इस पर जोर देता हूं कि आप देखें कि हमारे जो भाई लोग सामने बैठे हुए है वे इस कद्र फुट फुट कर हल्ला मचाते है कि फूड पोजिशन प्रिकेरियस है और उस में से कैपिटल बना रहे है और साइकोलोजिकल एटमसफीयर स्केरसिटी का उन्होंने पैदा करने की कोशिश की है, जबकि ऐसी बात नहीं है। अगर ठीक तरह से और ठीक कीमत पर खाद दी जाती तो गरीब लोगों को और छोटे छोटे किसानों को हम राहत दे सकते थे खेती को बढ़ावा दे कर। इन तीनों सवालों का जवाब मै चाहता हूं। थोड़ा अर्सा ही हुआ कि मिनिस्टर साहब आए है। इस अर्से में उन्होंने अच्छा काम किया है। उनको एक मिसाल कायम करनी चाहिये और देखना चाहिये कि भारत सरकार छोटे किसानों को जो राहत दे रही है, पैसे दे रही उसका दुरुपयोग न हो। फर्टिलाइजर गरीब और छोटे किसानों को नहीं मिल रहा है। लेकिन पैसे बन रहे हैं इन लोगों के जो इस काम में लगे हैं और जिन के पैसे स्विटजरलैंड के, जनेवा के बैंकों में जमा हो रहे हैं।

**श्री देवकांत बरुआ** : मैम्बर साहब ने जो फरमाया है उस में यह बात सही है कि किसानों को काफी तकलीफ हुई है क्योंकि खाद के दाम बढ़ गए । इसलिए इस बारे में हमने काफी दिलचस्पी ली और जितनी जल्दी कार्रवाई हम कर सकते थे की ।

दूसरी बात यह है कि दो महीने के लिए इन लोगों को छुट्टी जाने के लिए इसलिए कहा क्योंकि हमारा खयाल है कि दो महीने के भीतर ही सी बी आई की रिपोर्ट हमें मिल जाएगी, प्राविज़नल रिपोर्ट । उसके बाद ये लोग कहेंगे कि और इनक्वायरी होनी चाहिये, उनको छुट्टी और जाना चाहिये तो भेज देंगे । कोई मुश्किल नही है । इण्टरप्शज

Mr. SPEAKER : This is not for all the time.

**श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान**: इतनी टाप पोजिशन से कोई अपनी तबीयत से नहीं जाएगा ।

[شری محمد جمیل الرحمان (کشن گنج) - صدر محترم - آپ کی اجازت سے میں نے جو کچھ ڈولیکٹ کیا ہے اس کو مانیہ منتری جی کو دونگا لیکن اپنی چند باتیں کہنے کے بعد -

کل میرے اور شری یادو کے سوالوں کے جواب میں جو جواب دیئے گئے ان کو مجھے سن کر ایک حد تک اطمینان ہوا کہ ہمارے محترم وزیر صاحب نے ایک اچھا قدم اٹھایا ہے - لیکن ساتھ ساتھ جو آج کا کالنگ اٹینشن موشن ہے وہ بھی بڑا امپورٹینٹ ہے - اس معنی میں اگر روپیہ لیکر - ایک یا دو روپیہ لیکر نہیں - آٹھ آٹھ ہزار روپئے لیکر کسی ڈیلر کو ویگن دیا جائے تو اس کا کافی خراب اثر ہوتا ہے ادھیکش مہودے - آپ خود غور کریں کہ کسانوں پر اس کا کیا برا اثر اور بوجھ پڑ سکتا ہے -

کل کے جواب میں اور آج کے جواب میں منتری مہودے نے صاف طور سے کہا ہے کہ ۱۳ لاکھ روپیہ سسپنس اکاونٹس میں ہے - جو کہ میری رائے میں کچھ اور زیادہ ہے - محترم منتری جی مجھے کوریکٹ کرینگے اگر میں نے غلط کہا ہو - میں سمجھتا ہوں کہ اس سے کچھ زیادہ ہی رقم نکلے گی - میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ کیا یہ کم بڑا جرم ہے کہ ۱۳ لاکھ روپے کا گول مال ہوا ہے -

دوسری بات یہ ہے کہ یوریا کے ساتھ یہی ہوا ہے جس کو بھارت سرکار نے بہار سے باہر جانا بین کیا ہوا ہے - اسینشل کموڈیٹیز ایکٹ کے اندر - لیکن سارے قانون کو توڑ کر اس کو اندھرا - اڑیسہ اور میسور میں بھیجا گیا ہے - میں منتری جی سے پوچھنا چاہتا ہوں کہ اس قانون کو توڑنے کی کیا وجہ تھی - صاف یہ وجہ نظر آ رہی ہے کہ روپے لیکر قانون کی ہتیا کی گئی - قانون کو توڑا گیا -

تیسری بات میں یہ عرض کرنا چاھتا ھوں کہ میرے لائق دوست نے ترایبو کہا ھے - میں ترایبو کے حطاب کو دینے کے موقع میں نہیں ھوں - میں تھری مسکیٹیرز کا خطاب دینے کے موقع میں ھوں - آپ ذرا ملاحظہ فرمائیں - ایک تو جوری اس پر سینہ زوری - بابو راؤ پٹیل کو دوست بنایا گیا - ان سے گندی گندی باتوں کو نکلوایا گیا ھے - اور اب دھمکی دیتے ھیں کہ امریکہ چلے جائیں گے - ھم ان کو امریکہ تو جانے دینگے لیکن قانون کی زنجیر پہنا کر -

آپ نے اخباروں میں دیکھا ھوگا کہ سی آئی اے کا بڑا زور آج کل بھارت میں چل رھا ھے - کیا اس کا یہ نتیجہ نہیں نکالا جا سکتا کہ اس قسم کے لوگ جو بیوروکریٹک ھرا کی کے اندر ھیں - سی آئی اے کے ایجنٹ ھیں - ملک کے غدار ھیں - دیش ودروھی ھیں - جب ان کے اوپر ۱۳ لاکھ بتلایا گیا ھے تب کیوں نہ ان کو ڈی آئی آر کے اندر اریسٹ کیا جائے اور سسپنڈ کیا جائے - اس کے علاوہ ھر شخص کو معلوم ھے کہ بہار کے ساتھ ساتھ سیکر صاحب آپ کے سٹیٹ جس کو ھم لوگ غلے کا بھنڈار کہتے ھیں وھاں بھی یوریا کے متعلق اس قسم کا ننگا ناچ ھوا ھے - منسٹر نے جو جواب دیا ھے اس سے یہی پتہ چلتا ھے کہ اس قسم کا ننگا ناچ ھوا ھے - آپ کا سٹیٹ بھارت بھر سے پرانتوں کا کھلانا ھے اس کے ساتھ بھی ایسا کیا جائیگا - تو انکے غریب لوگوں کی جان جائیگی اگر غلہ نہیں رھے گا - اس کا اندازہ آپ لگا سکتے ھیں اس سب کا نتیجہ یہ ھوا ھے کہ غلہ امپورٹ کرنے کی نوبت آ گئی ھے - ملک کو غلہ امپورٹ کرنے پر مجبور ھونا پڑ گیا ھے - اس واسطے میرا پہلا سوال یہ ھے کہ مسٹر چکر وردی مسٹر گھوش اور مسٹر اگروال ان کو فورنٹ سسپینڈ کیوں نہیں کیا گیا - یہ افس میں موجود رھتے تو ضروری کاغذوں کے ساتھ ٹیمپر کرینگے اور کر رھے ھیں اور سی بی آئی کے کاموں میں بادا ڈال رھے ھیں -

آپ نے کہا ھے کہ دو مہینے کے لئے ان کو چھٹی دے دی گئی ھے - یہ مہربانی کیوں کی گئی ھے - جب کہ آپ کے سامنے ۱۳ لاکھ کا گول مال ھے ؟ ان کو سسپنڈ کیوں نہیں کیا گیا - اور چھٹی ھی دی گئی ھوتی تو تب تک کے لئے کیوں نہیں دی گئی جبتک کہ انویسٹیگیشن کمپلیٹ نہیں ھو جاتی - "فورسڈ لیو" کہئے یا سسپنشن کہئے - ان کو آفس سے باھر آپ رکھیں تاکہ کاغذوں ۲ گول مال نہ کر سکیں -

[شری محمد جمیل الرحمان]

ٹھہر نہ کر سکیں - ایویڈینس جو ہونے جا رہا ہے اس میں کسی پوکار کی بادھا پیدا نہ ہونے پائے - آپ کس قسم کی انکوائری چاہیں سی بی آئی کے ذریعہ کروائیں یا ہائی کورٹ کے کسی جج کی معرفت لیکن بھارت کے سارے پرانتوں میں یہ ہونی چاہئے - اور آپ کو پتا لگانا چاہئے کہ کتنا گول مال ہوا ہے - کتنا کرپشن کتنا نیپوٹیزم اور کتنی بدعنوانیاں ہوئی ہیں - اس لئے میں اس پر زور دیتا ہوں کہ آپ دیکھیں گے کہ ہمارے جو بھائی لوگ سامنے بیٹھے ہوئے ہیں وہ اس قدر فوڈ فوڈ کا ہلہ مچاتے ہیں کہ فوڈ پوزیشن پرکھیریس ہے اور اس میں سے کیپٹل بنا رہے ہیں اور ایک سائیکلوجیکل ایٹموسفیر سکھو ستی کا انہوں نے پیدا کرنے کی کوشش کی ہے - جبکہ ایسی بات نہیں ہے - اگر ٹھیک طرح سے اور ٹھیک قیمت پر کھاد دی جاتی تو غریب لوگوں کو اور چھوٹے کسانوں کو ہم راحت دے سکتے تھے - کمیٹی کو بٹھاوا دے کر - ان تینوں سوالوں کا جواب میں چاہتا ہوں - تھوڑا عرصہ ہی ہوا کہ منسٹر صاحب آئے ہیں - اس عرصہ میں انہوں نے اچھا کام کیا ہے - ان کو ایک مثال قائم کرنی چاہئے اور دیکھنا چاہئے کہ بھارت چھوٹے کسانوں کو جو راحت دے رہی ہے - پیسے دے رہی ہے اس کا مس یوز نہ ہو - فرٹیلائزر غریب اور چھوٹے کسانوں کو نہیں مل رہا ہے - لیکن پیسے ان کے ہیں ان لوگوں کے جو اس کام میں لگے ہیں - اور جن کے پیسے سوئٹزر لینڈ کے - جنیوا کے بینکوں میں جمع ہو رہے ہیں -

شری دیو کانت بروا - میر صاحب نے جو فرمایا ہے اس میں یہ بات صحیح ہے کہ کسانوں کو کافی تکلیف ہوئی ہے کیونکہ کھاد کے دام بڑھ گئے اس بارے میں ہم نے کافی دلچسپی لی اور جتنی جلدی کارروائی ہم کر سکتے تھے کی -

دوسری بات یہ ہے کہ دو مہینے کے لئے ان لوگوں کو چھٹی جانے کے لئے اس لئے کہا کیونکہ ہمارا خیال ہے کہ دو مہینوں کے اندر ہی سی بی آئی کی رپورٹ ہمیں مل جائے گی - پروویزنل رپورٹ اس کے بعد وہ لوگ کھلیں گے کہ اور انکوائری ہونی چاہئے - ان کو چھٹی اور جانا چاہئے تو بھیج دینگے یہ کوئی مشکل نہیں ہے -

MR. SPEAKER: This is not for all the time

شری محمد جمیل الرحمان - اتنی ٹاپ پوزیشن سے کوئی الگ طبعیت سے نہیں ہٹایا ؟ -]

SHRI D. K. BOROOAH: 'May' is always 'must'. In this case, we have asked them to go on leave. They have gone on leave....

मिनिस्टर जब "मे" कहता है तो इसका मतलब होता है "मस्ट" ।

SHRI BHAGWAT JHA AZAD : In a *prima facie* case, why are the officers not suspended ? Why are they asked tofgo on leave ?

SHRI D. K. BOROOAH : It is not a *prima facie* case.

May be something more may come out, something more illegal, more unlawful may come out..(*Interruptions*).

MR. SPEAKER : Mr. Borooah, may offer you my humble advice ? Please be very cautious. I have already many headaches like privilege motions, inaccurate state ments, etc. Please be very cautious. Only a few words.

SHRI VIKRAM MAHAJAN (Kangra): Do you send cases to CBI on mere suspicion—may I ask ?

SHRI JYOTIRMOY BOSU : (Diamond Harbour) : There is some confusion in the statement of the Minister..

MR. SPEAKER : You yourself are confused.. (*Interruptions*). No, please. The rules are that only the members whose names are on the list can ask questions and they have asked.

No other members can ask questions without my permission and I cannot give my permission to a member whose name is not on the list.

SHRI D. K. BOROOAH : I have listened to the hon. Member and the complaints that have been made. As I said, this particular question relates to an investigation regarding this suspense account and black-marketing of fertilisers,charging Rs.4000..(*Interruptions*). It may be Rs. 8000, we do not know. But the facts on the record show that certainly they have accepted a premium of Rs. 4000 per wagon of fertilisers. Therefore, this is being looked into. I am sure when full facts come before us, then we will take firm action .

SHRI JYOTIRMOY BOSU : What is is the *prima facie* suspicion ?

**श्री जगन्नाथ मिश्र** (मधुबनी) : फर्टिलाइजर के बारे में कहा जाता है कि इट इज़ ए गोल्डन की टू एग्रिकलचरल प्रोग्रैस । बाकी मैम्बर तो बात में सवाल पूछते हैं लेकिन मैं पहले पूछ लेना चाहता हूं । क्या यह वही फर्टिलाइजर है जिस के बारे में यह लोकोक्ति है, लोग गाना गाते और सुनते थकते नहीं हैं ? हिन्दुस्तान का फर्टिलाइजर और एफ सी आई रोगग्रस्त हैं । यह एक रोगग्रस्त सैनिक हैं और इसको आप युद्ध क्षेत्र में भी भेजना चाहते हैं । तात्पर्य यह है कि हम ग्रीन रेवोल्यूशन लाना चाहते हैं फर्टिलाइजर की मार्फत । लेकिन इसकी कहानी अभी आपने माननीय सदस्यों से सुन ली है । हिन्दुस्तान में फर्टिलाइज़र की खपत विश्व में सब से कम हैं । आपको मालूम ही होगा कि बैल्जियम में प्रति हैक्टर 285 के जी इसकी खपत है, जापान में 270 के जी और हिन्दुस्तान और ताइवन में 240 के जी प्रति हैक्टर । आपको सुन कर हैरानी होगी कि हिन्दुस्तान में मात्र 4.6 के जी पर हैक्टर ही फर्टिलाइजर की खपत है । और सुनिये । उस पर टैक्सों का बोझ लदा हुआ हैं । विश्व में कहीं भी.........

अध्यक्ष महोदय : आप प्रश्न करें ।

**श्री जगन्नाथ मिश्र :** मैं पृष्ठभूमि बता रहा हूं । प्रश्न मैंने पहले भी किया और बाद में भी कर रहा हूं । मैं एक मौलिक

[श्री जगन्नाथ मिश्र]

प्रश्न उठा रहा हूं। आपको बुरा लगता है तो बैठ जाता हूं। मौलिक प्रश्न फर्टिलाइजर की स्थिति का है। हमारा कृषि प्रधान देश है। अगर कृषि सुधार नहीं हुआ और इसी तरह से हम मारे मारे फिरते रहे तो हमारे जो तखमीने हैं व धूल में मिल जाएंगे।

हमारे देश में फर्टिलाइजर पर टैक्स का जो बोझ है, वह विश्व में और कहीं नहीं है। इतना ही नहीं, हम जिस किसान के लिए फर्टलाइजर का उत्पादन करते है, हम ने कभी यह कोशिश नहीं की है कि वह यह जानकारी हासिल कर सके कि फर्टिलाइजर क्या होता है, उस का उपयोग कैसे किया जाता है और किस फसल के लिए किस मात्रा में फर्टलाइजर का उपयोग किया जाना चाहिए। यह स्थिति है हमारे यहां फर्टलाइजर की।

अब फर्टलाइजर पर दोहरी मार पड़ रही है और वह यह है कि एफ० सी० आई० के बड़े-बड़े पदाधिकारी बहुत तरह की गड़बड़ियां करते है। वे ऐसी चाल चलते हैं, जिससे इसके उत्पादन में व्यवधान पैदा हो और इसके मूल्य में वृद्धि हो। वे इससे अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। जैसा कि अभी कहा गया है, उन लोगों ने लाखों करोड़ों रुपये बना लिये हैं। जहां फर्टलाइजर के उत्पादन के लिये जरूरी सामान के निमित्त हमें विदेशों पर निर्भर करना पड़ता है, वहां एफ० सी० आई० के पदाधिकारी विदेशों में भी ऐसी दुर्बल और कमजोर फर्मों से कान्ट्रैक्ट करते हैं, जो हमें खराब सामान देती हैं और उसका नतीजा हमें भुगतना पड़ता है। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या यह बात सही नही है।

जब कोई केस सी० बी० आई० को रेफर किया जाता है, तो वह प्राइमा-फैसी केस मान लिया जाता है। मालूम होता है कि इस मामले में दाल में कुछ काला है। इसीलिये केस सी० बी० आई० को रेफर किया गया। लेकिन जब यह केस सी० बी० आई० को रेफर कर दिया गया, तो फिर छुट्टी की बात क्यों उठी? उस अधिकारी का ससपेंशन क्यों नहीं किया गया? यह एक मौलिक प्रश्न, फंडामेंटल इस्यू है, जिसे मंत्री महोदय को देखना चाहिये। वह छुट्टी के दौरान भी, अभी भी, अपने अधीनस्थ कर्मचारियो को बुलाता है, उनके साथ बैठकें करता है और ऐसी ऐसो साजिशें करता है, जिससे सी० बी० आई० की एन्क्वारी में व्यवधान पैदा हो। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या यह सही नही है।

क्या आन्ध्र मे फर्टलाइजर की आपूर्ति एसेंशल कामोडिटीज एक्ट के खिलाफ नही की गई है? क्या दूसरे प्रान्तों में भी फर्टलाइजर की आपूर्ति में गड़बड़-घोटाला नही हुआ है? मै यह भी जानना चाहता हूं कि दुर्गापुर, बरौनी और कोचीन के नये प्रोजेक्टस का पांच वर्ष के बाद भी कमीशन न होने के पीछे अधिकारियों की ओर से किया गया कोई षड़यंत्र तो नही है?

आल-इण्डिया आफिसर्स फेडरेशन आफ फर्टलाइजर कारपोरेशन एक ऐसी संस्था है, जो एफ० सी० आई० में निर्मलता लाना चाहती है। मगर उस संस्था के साथ क्या व्यवहार हो रहा है? जहां और संस्थाओं को मान्यता मिल रही है, वहां इस संस्था को नहीं मिल रही है, क्योंकि उसका इरादा बिल्कुल पाक और निर्मल है। क्या यह बात सही नहीं है?

देश में फर्टलाइजर का फैमिन, अकाल, है और इस सम्बन्ध में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। अगर मंत्री महोदय इस प्रश्न का जवाब "हां" में देते हैं, तो प्रश्न यह है कि यह भ्रष्टाचार कब तक चलता रहेगा। यद्यपि मंत्री महोदय नये हैं, किन्तु उनकी बुद्धि, कला और कौशल बहुत पुराने हैं। सारा देश और खासकर बिहार उनके गुणों और कला से

परिचित हैं। वह पैट्रोलियम के क्षेत्र मे दक्ष भी माने जाते हैं। इसलिये मुझे पूर्ण आशा है कि जिस तरह उन्होने दक्षता से काम शुरू किया है, उसी तरह वह इन सब बातो को ध्यान मे रखेगें और सदन के समक्ष अभी ऐसा जवाब देंगे, जिस से लोगो को यह विश्वास हो कि फर्टीलाइजर के सम्बन्ध मे जो गड-बडिया हैं, वे दूर हो जायेंगी और सरकार का ग्रीन रेवोल्यूशन का इरादा पूरा होगा।

**श्री देव कान्त बरुग्रा :** अध्यक्ष महोदय, सदस्य महोदय ने जो बताया है, उस के साथ कोई मतभेद होना सम्भव नही है। उन्होने सही सही कहा है। फर्टीलाइजर हमारे लिये बहुत जरूरी है। फर्टीलाइजर के बिना हमारी खेती की उन्नति होना सम्भव नही है। इसलिये उस पर ध्यान देना चाहिये। यह भी सही है कि इस समय फर्टीलाइजर कार्पोरेशन मे जो कमजोरिया और त्रुटिया है, उनको दूर किया जाना चाहिये। लेकिन मैं समझता हू कि उसमे सुधार मेरे भाषण से नही होगा, बल्कि मेरे काम मे होगा। इस-लिये मैं अर्ज करूगा कि माननीय सदस्य मेरे काम का जरा इन्तजार करे। अभी भाषण मे कुछ कहना सम्भव नही होगा।

ये ससपेंशन और जिसको फोर्स्ड लीव कहते हैं, उन दोनो का मकसद यह है कि सी० बी० आई० की एन्क्वायरी मे कोई रुकावट न हो। जब ये लोग छुट्टी पर चले गये है, तो उन के हाथ मे कोई काम-काज नही है और कागजात पर उन का कोई अधिकार नहीं है। अगर सी० बी० आई० चाहे कि इस के बाद भी कोई कदम उठाये जाये, तो हम जरूर उठायेगे। लेकिन हमारा मकसद यह है कि सी० बी० आई० की एनक्वायरी मे कोई बाधा या रुकावट न हो।

**श्री दामोदर पांडे (हजारीबाग)** अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने कहा है कि यह मामला सी० बी० आई० के सुपुर्द कर दिया गया है। मै तो मजदूर क्षेत्र मे काम करता हू। जब किसी मजदूर पर इस तरह का गम्भीर दोषारोपण होता है, तो अक्सर कार्पोरेशन उस को चार्ज-शीट दे कर ससपेंड कर देता है और उस के बाद यह एनक्वायरी करता है कि वह दोष सही है या नही। जब यह मामला सी० बी० आई० के सुपुर्द कर दिया गया है, तो यह स्वीकार कर लिया गया है कि इस सम्बन्ध मे प्राइमा-फशी केस बनता है और इस मे कोई गोलमाल है। मंत्री महोदय ने बताया है कि उन लोगो को छुट्टी पर भेज दिया गया हैं। मैं यह जानना चाहता हू कि क्या वह मजदूरो के लिए भी यह सिद्धान्त मान लेगें कि अगर कोई मजदूर इस तरह की हालत मे पड जायेगा, तो उस को केवल छुट्टी पर ही भेजा जायेगा।

मेरे पूर्ववक्ता सदस्य महोदय ने कहा है कि यह एक बीमार बच्चा है। मै समझता हू कि उस की बीमारी बहुत बडी है। मै यह जानना चाहता हू कि क्या सिर्फ ये तीन आदमी इस मे शामिल थे या इस सबंध मे और भी बहुत से मामले है, जिन की छान-बीन कर के वह जानकारी हासिल करना चाहते है।

मै दो एक जानाकारी उन को दे देना हू। शायद मंत्री महोदय को पता होगा कि इस समय फर्टलाइजर कार्पोरेशन मे सात जेनेरल-मैनेजर सिर्फ "एक्टिग" है और उन को कनफर्म नही किया जा रहा है। तीन जेनेरेल-मैनेजर ऐसे है, जिन को ब्यूरो आफ पब्लिक एन्टरप्राइजिज ने रिजेक्ट कर दिया है लेकिन वे अपने पदो पर वर्तमान है। एक ओ० पी० अग्रवाल साहब है, जो सिन्दरी मे प्लानिंग एड डेवेलेपमेंट डिवीजन मे जेनेरेल-मैनेजर है, दूसरे रामा-गुडम मे यूनिट के जेनेरेल-मैनेजर एन्थनी है और तीसरे कोरबा के यूनिट के जेनेरेल-मैनेजर चावला हैं। इन तीनों को ब्यूरो आफ पब्लिक एन्टरप्राइजिज ने रिजेक्ट कर

[श्री दामोदर पाडे]

दिया है। और कहा है कि वे इस पद के लायक नही है। लेकिन उस के बाद भी वे उस पद पर लगे हुए है। इस के अलावा तीन जनरल मैनेजरों को जिन को ब्यूरो आफ पब्लिक ऐंटरप्राइज ने पास किया, जिन को कहा कि ये इस लायक है कि इस काम को कर सकते है, उनमें एक तो श्रीवास्तव हैं, एक सुब्रह्मण्यम है और एक आर० के० वोध है, इन तीनो को काम पर ज्वाइन ही नही करने दिया। तो आखिर कैसे यह कारपोरेशन चलेगा ? सरकार का सारा पैसा इस मे लगा है तो सरकार का कोई कंट्रोल इस पर है या नही यह मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हू। क्योंकि ब्यूरो आफ पब्लिक ऐंटरप्राइज का मतलब यही है कि सरकारी प्रतिष्ठानो मे इस तरह के पदों पर जो बहालियां हो उन की छानबीन करे और जिन को वह उचित समझे वे लोग रखे जायें। तो उस की कोई बात यह मानने को तैयार नही है और जिस बात के लिए वह ना कहता है उस को ये करते है। तो इस तरह का अन्धा फर्टिलाइजर कारपोरेशन मे कब तक चलने वाला है !

मै यह भी जानना चाहता हू कि यह बात सही है कि इस के जो मैनेजिंग डायरेक्टर है, डायरेक्टर मार्केटिंग है, वह हर तीसरे दिन आफिशियल बिजनेस से कलकत्ता जाते है। कलकत्ते मे इन का क्या बिजनेस है पता नही क्यों कि मै जानता हू कि कलकत्ते मे इन की कोई फैक्ट्री नही है। लेकिन हर तीसरे दिन यह कलकत्ते जाते है और आफिशियल कास्ट पर जाते है। मैं जानना चाहूगा कि उन का क्या धन्धा वहा पर है जिस के लिए वह जाते हैं ? और एक छोटी सी जानकारी मै इस में शामिल करना चाहता हू कि जो मैनेजिंग डायरेक्टर साहब का तीन मंजिला मकान, क्या कलकत्ते में, जो ठेकेदारों के उसे बनाया एक जैव और एक कोठरी, तो दोनों को जो ठेका दिया गया सिन्दरी में प्रो० एंड डी० के निर्माण का और नामरूप कारखाने को बनाने का, क्या मकान का खर्च भी उस में शामिल है ?

इस के अलावा और भी बहुत सी बाते है। जनीबुर्रहमान ने कहा कि नेपोटिज्म वहा करते है तो उस को शायद पूरी जानकारी नही थी। मै जानना चाहूगा क्या यह बात सही है कि ये जितने डायरेक्टर लोग है इनका सारा खानदान फर्टिलाइजर कारपोरेशन मे हैं और अच्छे अच्छे ओहदों पर हैं। एक उन के साले साहब है.... .....
(व्यवधान).....चक्रवर्ती साहब के साले मिस्टर दुवा हैं, वह हमेशा दिल्ली मे ही बैठे रहते हैं। उन का पद शायद ऐग्रीकल्चर सुपरिटेंडेंट का था क्या पद है मैं नही कह सकता, उन का फार्म है सिन्दरी मे और आफिस है दिल्ली मे जहां वह बैठे रहते है।....
(व्यवधान) .....तो क्या यह सही है कि उन के सारे परिवार के लोग हेड आफिस मे भरे हुए है और उन को रहने के लिए उन की तनख्वाह के मैक्सिमम का 40 प्रतिशत हाउस रेंट दिया जाता है और जो उन के परिवार की लिस्ट मे नही है उन को उन की बेसिक पे का 25 प्रतिशत दिया जाता है। इस के लिए दिल्ली मे काफी हंगामा भी हुआ। मै जानना चाहता हू यह बात सही है क्या ?

यह जो इस तरह का रवैया है इस में ये दो तीन आदमी ही नही बल्कि एक पूरी जमात या गिरोह जिस को कह सकते हैं, वह काम कर रहा है और सी०बी०आई० इस का कोई सोल्यूशन नही है। सी० बी० आई० से आप इसकी कोई एन्क्वायरी नहीं करा सकते और आप को इन की नस मालूम नहीं हो पाएगी। मैं निवेदन करूं कि सी०बी०आई० नही एक कमीशन आफ एन्क्वायरी आप इन पर बैठायें और नहीं तो एक पार्लियामेंट्री एन्क्वायरी कमेटी बिठायें जिससे सारे तथ्य सामने आयें। और एक बात मैं यह कहूगा कि अगर आप यह महसूस करते हैं कि कार-

पोरेशन इस लायक नहीं है कि वह अपना काम दक्षता से कर सके तो इस को खत्म कर दें और गवर्नमेंट अपनी तरफ से इस का चलाए, क्या ऐसा कोई बात आप कर सकते हैं ?

**श्री देवकान्त बरूग्रा** : माननीय सदस्य पांडेय जी ने बताया कि तीन आदमी जो छुट्टी में गए हैं उन के अलावा और भी कुछ आदमी ऐसे हैं तो मैंने जिस वक्त पढ़ा था उस में यह था कि :

"Similarly, the marketing Manager at Trombay has gone on leave. The Central Bureau of Investigation has been asked to indicate whether for purposes of facilitating the quiry, some other officers concerned with these transactions should be also asked to proceed on leave

जब उन का पता देंगे कि ये दूसरे आदमी भी छुट्टी में जाने चाहिए थो उन को भी छुट्टी में भेज देंगे ताकि उन को एन्कवायरी में खास सहूलियत हो। ...... (**व्यवधान**) .... लेबर के बारे में तो मैं नहीं कह सकता। मैं लेबर भी नहीं हूं और मजदूर का नेता भी नहीं हूं । इसलिए उसके बारे में लेबर मिनिस्टर कह सकते हैं......

**श्री डी०एन०तिवारी** (गोपालगंज): वह कहते हैं कि लेबर के बारे में ऐसी बात आती है तो उस को सस्पेंड किया जाता है और उन को छुट्टी दे दी जाती है ।

**श्री देवकान्त बरूग्रा** : यह जो उन्होंने कहा इस के बारे में मैं पूरी जांच करूंगा कि ऐसी सिमिलर सिचुएशन में क्या किया जाता है। मैं इसके बारे में जांच करूंगा ।

यह जो पांडेय जी ने बताया कि फर्टिलाइजर कारपोरेशन का संगठन कमजोर है उस में खराबियां है, त्रुटियां हैं और करप्शन



है तो इन बारे में हम विचार कर रहे हैं इस के पुर्नसंगठन के लिए। एफ० सी० आई० के पुनर्गठन के लिए हम विचार कर रहे हैं। मेरे खयाल में इसी महीने में हम इस का पूरे नए रूप में संगठन करेंगे। मैं यह इसलिए पहले नहीं कहना चाहता था क्यों कि इन के बारे में एन्कवायरी कर रहे हैं। आइन्दा एक महीने में हम इस के बारे में एक सिद्धांत बनायेंगे और उस को काम में लायेंगे (व्यवधान)....

MR. SPEAKER : I have not allowed any member on anything.

(*Interruptions*)

13 hrs.

MR. SPEAKER : Papers to be laid—

## PAPERS LAID ON THE TABLE

### DEMANDS FOR GRANTS OF THE INDIAN POSTS AND TELEGRAPHS DEPARTMENT FOR 1973-74

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRI H. N. BAHUGUNA): I beg to lay on the Table a copy of the Demands for Grants for expenditure of the Central Government on the Indian Posts and Telegraphs Department for 1973-74 (Hindi and English versions). [*Placed in library. See* No. LT-4486/73].

### INDIAN FOREST SERVICE (APPOINTMENT BY COMPETITIVE EXAMINATION) AMENDMENT REGULATIONS

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI F. H. MOHSIN) : On behalf of Shri Ram Niwas Mirdha,

I beg to lay on the Table a copy of the Indian Forest Service (Appointment by